1/EH–7 (i) (Syllabus–2018)

2022

(November)

HINDI

(Elective/Honours)

(HIN–EL–1)

(Hindi Gadya Sahitya)

Marks : 75

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×3=15

(क) जैकिसुन के इस निषेध पर जीवनाथ को थोड़ा–सा विस्मय हुआ अवश्य, परंतु उसने कुछ कहा नहीं। जैकिसुन की गतिविधि में आज उसे कुछ विलक्षणता अनुभव हो रही थी। समझ नहीं पा रहा था : रात–ही–रात में ऐसी क्या बात हुई कि जैकिसुन की नींद उचट गई!

(ख) ऊपर चढ़ते–चढ़ते हवा चीख उठी। कई मेहराबों से मानो उसने गुर्राकर कहा, "कौन हो तुम, इतनी रात गए मेरा एकांत भंग करने वाले?" विरोध के फूत्कार का यह थपेड़ा इतना सच्चा था कि सागर मानो फुसफुसा ही उठा, "मैं—सागर, आसरा ढूँढ़ता हूँ—रैनबसेरा"।

(ग) अहा, कैसा वह शुभ दिन होगा जब हम स्थूल शारीरिक आवश्यकताओं की ज़ंजीर तोड़कर सूक्ष्म मानस-जगत् का नया लोक बनाएँगे।

(घ) जैसे काजी वैसे पाजी। रैयत राजी टके सेर भाजी। ले हिन्दुस्तान का मेवा फूट और बैर।

(ङ) लेटे हुए वह घर के अन्दर से आते विविध स्वरों को सुनते रहे। बहू और सास की छोटी-सी झड़प, बालटी पर खुले नल की आवाज़, रसोई के बर्तनों की खटपट और उसी में गौरैयों का वार्तालाप—और अचानक ही उन्होंने निश्चय कर लिया कि अब घर की किसी बात में दखल न देंगे।

2. उपन्यास कला के तत्त्वों के आधार पर 'बाबा बटेसरनाथ' उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

'बाबा बटेसरनाथ' उपन्यास के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

3. 'पत्नी' कहानी के आधार पर सुनन्दा का चरित्र-चित्रण कीजिए। 15

अथवा

'ज़िंदगी और जोंक' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

4. 'अंधेर नगरी' की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए। 15

अथवा

नाट्य तत्त्वों के आधार पर 'अंधेर नगरी' नाटक का मूल्यांकन कीजिए।

5. 'पहला सफेद बाल' निबंध में व्यक्त विचारों का विवेचन कीजिए। 15

अथवा

'क्रोध' निबंध के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए।

★★★